आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 09.12.2024 समय 1830

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलआईसी 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया। कहा– सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार राज्य में स्वास्थ्य और आरोग्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा।
- जौनसार–बावर क्षेत्र के सभी उप चिकित्सा केंद्रों पर जल्द ए.एन.एम की तैनाती होगी।
- प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से मौसम हुआ सर्द।

बीमा सखी योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। हरियाणा के पानीपत में एलआईसी 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करते हुए श्री मोदी ने कहा कि "आज भारत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने के संकल्प के साथ चल रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि 18 साल से 70 साल की 10वीं पास महिलाओं को बीमा सखी के तौर पर भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पहले तीन साल तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य और आरोग्य को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। आज देहरादून में 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की धरती प्राचीन काल से ही आयुर्वेद के ज्ञान की धरती रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राचीन काल से ही कई तरह के शोध होते रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि आयुष नीति के माध्यम से राज्य में आयुष, आरोग्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। योग नीति बनाने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्य में 300 आयुष अस्पताल बनाए गए हैं। राज्य की प्रगति पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विकास, रोजगार, निवेश, स्टार्टअप समेत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या–समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

शैक्षिक भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाईस्कूल परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर अव्वल रहे 157 छात्र–छात्राओं के दल को भारत दर्शन शैक्षिणिक भ्रमण पर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्र–छात्राओं से आग्रह किया कि भ्रमण के दौरान प्रदेश की पवित्र नदियों, मंदिरों, मौसम, पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों

को जानकारी दें। श्री धामी ने कहा कि ये भ्रमण कार्यक्रम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

स्वास्थ्य

देहरादून जिले के जौनसार–बावर क्षेत्र के सभी उप चिकित्सा केंद्रों पर जल्द सहायक नर्स मिडवाइफ– ए.एन.एम की तैनाती होगी। ये जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन ने कहा कि जौनसार–बावर क्षेत्र में एएनएम रिक्त पदों की डिटेल निकाल ली गई है और 15 दिनों में सभी उप चिकित्सा केंद्रों पर तैनाती कर दी जाएगी। उत्तराखंड जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष मूरत राम ने कहा कि एएनएम की नियुक्ति से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने महिलाओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया। वे चमोली जिले के नौटी गांव में आयोजित उफराईं देवी मोड़वी महोत्सव को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को अपने रीति–रिवाजों और परंपराओं के साथ आगे बढ़ना होगा और नई पीढ़ी को अपने रीति–रिवाजों के बारे में बताना होगा। नौटी में दस दिवसीय महोत्सव का आयोजन 14 साल बाद किया जा रहा है। इस महोत्सव में देवी भूम्याल के रूप में पूजी जाती है।

<u>मौसम– 01</u>

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बूंदाबांदी से मौसम सर्द हो गया है। अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, चंपावत, चकराता और उत्तरकाशी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ है।

बागेश्वर जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी शुरू हो गई है। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि जिले में ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। आकाशवाणी से बातचीत में श्री भटगाई ने बताया कि बर्फबारी के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए पर्याप्त मशीनें तैनात की गई हैं। पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में 6 इंच तक बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं, धारचूला, गुंजी, कुटी, नाभी के ऊंचाई वाले इलाकों में 10 इंच से ज्यादा बर्फ गिरी है। बर्फबारी के बाद हिमनगरी के नाम से प्रसिद्ध मुनस्यारी में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक भी बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं।

<u>मौसम– 02</u>

मैदानी इलाकों में भी सुबह और शाम के समय पाला गिरने से ठिठुरन बढ़ गयी है। तापमान में गिरावट और प्रदेश में बढ़ती शीतलहर से बचाव के लिए सभी जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जरूरतमंदों के लिए रैन बसेरों में कंबल और अलाव की व्यवस्था की गई है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए उन्हें जरूरी सामान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा आवारा पशुओं के लिए अस्थायी शेड बनाए गए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है।

पार्क निर्माण

हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण जिले के शिवालिकनगर में आधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क बनाएगा। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पार्क का आज भूमिपूजन किया गया। पार्क में अत्याधुनिक फव्वारे, और डेकोरेटिव लाइटें लगाई जाएंगी। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए झूले और ओपन जिम का भी निर्माण किया जाएगा।

सड़क सुरक्षा

यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में सड़कों की मरम्मत का काम चल रहा है। इसी क्रम में देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने घंटाघर, राजपुर रोड समेत अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सड़क सुधारीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सड़कों पर स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन और डिवाइडर नवीनीकरण का काम प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित सड़क, सुगम यातायात अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात को सुव्यवस्थित करना है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर नागरिकों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव देना भी है।